
# माता वैष्णो देवी धाम में चांदी घोटाला

**05** से 6 प्रतिशत ही शुद्ध चांदी

**29** को होगी अहम सुनवाई

- जांच अधिकारी को कोर्ट में पेश होने के आदेश
- कोर्ट ने जांच रिकॉर्ड तलब किया

## 550 करोड़ के चांदी चढ़ावे पर उठे सवाल




**जम्मू 14 जुलाई. जम्मू-कश्मीर स्थित श्री माता वैष्णो देवी श्राइन में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई कथित 550 करोड़ रुपये मूल्य की चांदी को लेकर उठे विवाद में अदालत ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं.**

जम्मू के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुनीश कुमार मनहास की अदालत ने क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी को मामले से संबंधित रिकॉर्ड के साथ व्यक्तिगत रूप से 29 जुलाई 2026 को अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है. यह मामला अधिवक्ता दीपक शर्मा द्वारा दायर याचिका के आधार पर अदालत पहुंचा. याचिका में पुलिस महानिरीक्षक (क्राइम ब्रांच) और आर्थिक अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत का हवाला देते हुए कथित मिलावट, अदला-बदली और संभावित गबन की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है.

9 मई 2026 को दी गई शिकायत में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, गबन, रिकॉर्ड में हेरफेर तथा चांदी के चढ़ावे में कथित रूप से कैडमियम युक्त सामग्री के उपयोग या खरीद के आरोप लगाए गए हैं. शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर अदालत का रुख करना पड़ा. अदालत के निर्देश के बाद क्राइम ब्रांच ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की. रिपोर्ट में बताया गया कि शिकायत को पहले क्राइम मुख्यालय, श्रीनगर भेजा गया और स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए जोनल पुलिस मुख्यालय, जम्मू भेज दिया गया.

> शिकायतकर्ता ने इस स्टेटस रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शिकायत को केवल प्रशासनिक स्तर पर आगे भेजना पर्याप्त कार्रवाई नहीं माना जा सकता. आपत्ति में यह भी कहा गया कि रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, स्टॉक रजिस्टर, परिवहन दस्तावेज और अन्य संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित रखने संबंधी किसी कार्रवाई का उल्लेख रिपोर्ट में नहीं है. यह विवाद उन दावों के बाद चर्चा में आया, जिनमें कहा गया कि परीक्षण और प्रसंस्करण के लिए भेजी गई करीब 20 टन चांदी में कथित तौर पर केवल 5 से 6 प्रतिशत ही शुद्ध चांदी पाई गई, जबकि शेष में कैडमियम, लोहा और अन्य धातुओं की मौजूदगी का आरोप लगाया गया.



## 5,300 लोगों का जत्था हुआ रवाना

**जम्मू, 14 जुलाई. श्री अमरनाथ यात्रा के 5,300 से ज़्यादा तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर के दो बेस कैंपों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ.**

अधिकारियों ने बताया कि 5,335 तीर्थयात्री आज सुबह 232 हल्के और भारी वाहनों के काफिले में बेस कैंप से रवाना हुए. इस जत्थे में 1,736 तीर्थयात्री बालटाल बेस कैंप और 3,599 तीर्थयात्री पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुए. तीर्थयात्री कई स्तरों वाली सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए; यात्रा सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न हो, इसके लिए नागरिक प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बलों और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने मिलकर व्यवस्था की थी. इस बीच, यात्रा के पहले आठ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से 2.5 लाख से ज़्यादा तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर के दर्शन किए हैं.

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे कन्फर्म रजिस्ट्रेशन मिलने और अपनी तय यात्रा की तारीख पर ही यात्रा करें, क्योंकि बिना पंजीकरण वाले किसी भी तीर्थयात्री को बेस कैंप तक जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

## नौका हादसे में मारे गए आंध्र प्रदेश के पर्यटकों के शव हैदराबाद पहुंचे

**हैदराबाद, 14 जुलाई. वियतनाम में नौका दुर्घटना में जान गंवाने वाले आंध्र प्रदेश के तीन पर्यटकों के शव मंगलवार सुबह शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल पहुंचे, जहां से उन्हें राज्य सरकार की व्यवस्था के तहत उनके पैतृक स्थानों के लिए रवाना किया गया.**

अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में कडप्पा जिले के श्रीधर, मछलीपट्टनम की जयश्री और हिंदूपुर के रवि तेजा शामिल हैं. शवों को भारत लाने की कानूनी औपचारिकताएं मुंबई में पूरी किए जाने के बाद सुबह करीब साढ़े सात बजे हैदराबाद लाया गया.

> अधिकारियों ने बताया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और मंत्री एन. लोकेश ने पार्थिव शरीरों की स्वदेश वापसी की पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी की तथा भारतीय दूतावास और वियतनाम के अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्रक्रिया में तेजी सुनिश्चित की.

## 96 वर्ष की उम्र में नंद किशोर गोयनका का निधन

**मुंबई, 14 जुलाई.** ईएसएसल ग्रूप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता एवं प्रख्यात समाजसेवी श्री नंद किशोर गोयनका का सोमवार दोपहर मुंबई में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया. परिवार की ओर से उनके निधन की पुष्टि की गई है. बताया गया कि उन्होंने सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उद्योग जगत, सामाजिक संगठनों, मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया.

## ट्रंप ने मांगा 20 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क

- होर्मुज पर अमेरिका-ईरान आमने-सामने
- तेहरान ने कहा-असली 'गार्डियन' हम



**वांशिगटन, 14 जुलाई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट का गार्डियन बनने और वहां से गुजरने वाले कार्गो पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा पर ईरान ने प्रतिक्रिया दी है.**

ईरान ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यह बात सही है कि सुरक्षा देने वाले को मुआवजा मिलना चाहिए, लेकिन 20 प्रतिशत शुल्क बहुत अधिक है. साथ ही उसने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट का वास्तविक गार्डियन ईरान है. ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति बिल्कुल सही हैं. जो भी वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराता है, उसे इस सेवा के लिए मुआवजा मिलना चाहिए. उन्होंने आगे कहा, ईरान हमेशा से इस स्ट्रेट का गार्डियन रहा है और आगे भी रहेगा. हालांकि, 20 प्रतिशत शुल्क निश्चित रूप से बहुत अधिक है. हम निष्पक्ष रहेंगे. इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान के साथ या उसके बिना भी खुला रहेगा, क्योंकि अमेरिका उस व्यवस्था को फिर से लागू कर रहा है, जिसे उन्होंने ईरानी नाकाबंदी बताया. उनके अनुसार, सभी देशों के जहाजों को इस मार्ग से निर्बाध आवाजाही की अनुमति होगी.

## मोदी 17 को चार अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन : ढिल्लों



**चंडीगढ़, 14 जुलाई. पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पंजाब के चार पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे.**

श्री ढिल्लों ने बताया कि प्रधानमंत्री जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन स्वयं करेंगे, जबकि एस.ए.एस. नगर (मोहाली), श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशनों को वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित करेंगे. उन्होंने कहा कि यह पंजाब के रेलवे बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है. इन स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस करते हुए विश्वस्तरीय परिवहन केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है.

## मुख्य आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

- बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी की जांच तेज
- शालिग्राम शिला और लैपटॉप बरामद

**चमोली (उत्तराखंड), 14 जुलाई. बद्रीनाथ मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार बदरी-केदार मंदिर समिति के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को सोमवार को जोशीमठ की सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं प्रभारी न्यायिक मजिस्ट्रेट हिना कौसर की अदालत में पेश किया गया.**

न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

चमोली पुलिस की विशेष जांच टीम ने प्रमोद नौटियाल को 12 जुलाई की रात देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद उन्हें चमोली लाकर बद्रीनाथ थाने में पूछताछ की गई. इस दौरान मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई. पुलिस का कहना है कि मामले में मनी ट्रेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है. पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया.

### फुटेज में प्रमोद धनराशि और अन्य सामग्री ले जाते दिखे

फुटेज में प्रमोद नौटियाल कई बार मोबाइल के नीचे और अपनी जेब में मंदिर की धनराशि तथा अन्य भेंट सामग्री ले जाते दिखाई दिए. पुलिस के मुताबिक, कथित रूप से 500 के नोट, सोने-चांदी के सिक्कों के पैकेट, शालिग्राम शिला और केसर का पैकेट उनके कब्जे में लिया गया था. जांच के दौरान एसआईटी ने आरोपी के पास से एक शालिग्राम शिला और बीकेटीसी द्वारा जारी किया गया एक लैपटॉप भी बरामद किया है. हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब तक आरोपी के पास से कोई नकदी बरामद नहीं हुई है.

## तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के बीच चल रहे गांजे की तस्करी के एक अंतर-राज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल कुमार उर्फ टूटन, पामुलापति श्रीनिवास उर्फ अन्ना और प्रतिनिधि कराड के रूप में हुई है. इनके कब्जे से 26.35 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया है जो कि व्यावसायिक मात्रा है. इस अभियान से नशीले पदार्थों की आपूर्ति की एक बड़ी कड़ी टूट गयी है और गिरोह के दूसरे सदस्यों की पहचान करने तथा पैसों के लेन-देन का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

उन्होंने बताया कि यह अभियान तब शुरू किया गया जब अपराध शाखा को द्वारका में एक खेप की आपूर्ति के संबंध में पक्की जानकारी मिली. छापेमारी करने वाली टीम ने एक गाड़ी को रोका और 25 पैकेट बरामद किए, जिनमें 26.35 किलोग्राम गांजा था. जांच के दौरान कथित आपूर्ति श्रृंखला का पता दिल्ली से आंध्र प्रदेश एवं ओडिशा तक लगाया गया, जिसके बाद बीचौलिये और ओडिशा के कथित मुख्य आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया.

## छात्रों की गूंज अभियान से जुड़ने का आह्वान

### राहुल गांधी ने पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ 17 को आंदोलन

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक तथा शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ 17 जुलाई को देशभर के छात्रों से देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा है कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए व्यापक जन आंदोलन जरूरी है.**



> गौरतलब है कि श्री गांधी ने इससे पहले राजस्थान के कोटा में छात्रों की गूंज अभियान की शुरुआत की हैं जिसमें उन्होंने छात्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और शिक्षकों से संवाद किया तथा पेपर लीक, शिक्षा के बढ़ते निजीकरण, महंगी शिक्षा और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था. कांग्रेस इस अभियान के जरिए देशभर के छात्रों की समस्याओं और सुझावों को सामने लाने का प्रयास कर रही है.

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज की शिक्षा व्यवस्था में मेहनत का सम्मान नहीं है और न ही छात्रों के सपनों की सुरक्षा है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा तैयारी करो तो पेपर लीक मिलेगा, सवाल पूछो तो देश विरोधी का दाग मिलेगा और लाखों रुपये खर्च करो तो न शिक्षा मिलेगी, न रोजगार. शिक्षा की वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए शिक्षा क्रांति को जरूरी बताते हुए उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे अपनी आवाज बुलंद करने के लिए 17 जुलाई को देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज अभियान से जुड़ें.

## सोनम वांगचुक भूख हड़ताल खत्म करें, हम साथ हैं : केजरीवाल

- सोनम वांगचुक के समर्थन में उतरे केजरीवाल
- 16 जुलाई को जंतर-मंतर जाएंगे



**नई दिल्ली, 14 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी के प्रदर्शन और सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है.**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि जंतर मंतर पर कई दिनों से सीजेपी का प्रदर्शन चल रहा है. सोनम वांगचुक जी कई दिनों से वहाँ भूख हड़ताल पर बैठे हैं.

> हम उनकी मांगों का समर्थन करते हैं. धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए. मेरी सोनम वांगचुक जी से अपील है कि अपनी भूख हड़ताल अब बंद कीजिए. आप देश की धरोहर हैं. मैं परसों, 16 जुलाई को शाम 5 बजे जंतर मंतर जाकर उन्हें अपना समर्थन दूंगा.

## ऑपरेशन विजय साहस का अमर अध्याय

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'शौर्य विजय यात्रा' को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि 1999 का ऑपरेशन विजय सिर्फ एक सैन्य जीत नहीं, बल्कि साहस, धैर्य, अनुशासन और अदम्य राष्ट्रभक्ति का एक अमर अध्याय है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर 'शौर्य विजय यात्रा' को नेशनल वॉर मेमोरियल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**



सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और जज्बे को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा, आज का यह अवसर सिर्फ मोटरसाइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाने का नहीं, बल्कि उस अटूट जज्बे को नमन करने का है, जिसके कारण हमारे बहादुर सैनिकों ने भारत के सम्मान और गौरव के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया. 'एक राइड, एक राष्ट्र, एक सलाम'-रक्षा मंत्री ने यात्रा के आदर्श वाक्य 'एक राइड, एक राष्ट्र, एक सलाम' की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय एकता और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, 'शौर्य विजय यात्रा' नाम अपने आप में प्रेरणा है. रक्षा मंत्री ने याद दिलाया कि करीब 20,000 फीट की ऊंचाई पर, जहां ऑक्सीजन कम है और तापमान माइनस 40 डिग्री तक पहुंच जाता है, ऐसी दुर्गम परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने असंभव को संभव कर दिखाया. जहां प्रकृति ने रास्ता रोक दिया था, वहां हमारे सैनिकों ने साहस से नया इतिहास रचा. यात्रा का रूट और उद्देश्य- 'शौर्य विजय यात्रा' 13 दिनों में लगभग 1,900 किलोमीटर का सफर तय करेगी.

### आज का इतिहास

- 1904 : अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना.
- 1910 : एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया.
- 1916 : दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरूआत.
- 1926 : बॉम्बे में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत.
- 1955 : प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की.
- 1961 : स्पेन ने पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों को स्वीकार किया.

## सुरक्षित और समृद्ध विश्व के लिए भारत प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली 14 जुलाई. भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध विश्व के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की है और कहा है कि विकासशील देशों की आवाज को सशक्त बनाना तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों में इन देशों की चिंताओं को उचित स्थान देना उसकी प्राथमिकता होगी.**



भारत ने सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य की उम्मीदवारी पेश की

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार सुबह न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद में वर्ष 2028-29 के कार्यकाल के लिए भारत के चुनाव अभियान की आधिकारिक रूप से शुरूआत करते हुए यह बात कही. उन्होंने भारत के शान्ति दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मानदंडों, विश्वास और सत्यनिष्ठा के माध्यम से दुनिया में समग्र प्रगति सुनिश्चित करना है. श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि उन्होंने भारत की दावेदारी को मजबूत तरीके से रखते हुए कहा कि विकासशील देशों की आवाज को सशक्त बनाना और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों में उनकी चिंताओं को उचित स्थान देना भारत की प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को हमारे साझा भविष्य के निर्धारण में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत की प्राथमिकताओं में सुधारों पर आधारित बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाना भी रहेगा जिससे कि वह अधिक लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बन सके. भारत का दृष्टिकोण संवाद, सहयोग और मतभेदों को पाटने पर आधारित रहेगा.

> भारत भविष्य के अनुरूप शांति स्थापना व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रौद्योगिकी-संपन्न, यथार्थवादी दायित्वों वाली और अपने मूल उद्देश्यों पर केंद्रित बनाने की दिशा में काम करेगा. महिला, शांति और सुरक्षा कार्यसूची के मार्गदर्शन में हम सदैव महिला शांति सैनिकों की भूमिका का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए समावेशिता, सुरक्षा और जनहित पर आधारित मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जाएगा. साथ ही, इसके दुरुपयोग और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए भी हम समान रूप से प्रतिबद्ध हैं. विदेश मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र नियमों के अनुरूप स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देना भारत का उद्देश्य है.

### हस्तियों के ट्वीट



उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड 2026 में भारतीय छात्रों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी साझा की है. आनंद महींद्रा ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि बेहद शानदार कोलंबिया में हुई 56वीं इंटरनेशनल फ़िज़िक्स ओलंपियाड 2026 में हिस्सा लेने वाले सभी पाँच भारतीय छात्रों ने गोल्ड मेडल जीता!



उद्योगपति और कुरुक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद नवीन जिंदल ने चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक उपलब्धि को याद करते हुए इसरो और देशवासियों को बधाई दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के तीन साल पूरे होना भारत के लिए गर्व का अवसर है. यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो ग्लोबल मंच पर भारत की तकनीकी क्षमता और अटूट संकल्प को दिखाती है.

**मानसून सुस्त** | 11 साल में तीसरी बार मानसून ब्रेक, पूर्वोत्तर में बाढ़ से बिगड़े हालात

## पूर्वोत्तर में बाढ़-लैंडस्लाइड से जनजीवन प्रभावित

- कई राज्यों में हीट इंडेक्स 49 डीग्री तक पहुंचा
- यूपी-एमपी में बारिश की कमी, पूर्वोत्तर में बाढ़ का संकट



**नई दिल्ली 14 जुलाई. देश के बड़े हिस्से में जुलाई के दौरान मानसून ब्रेक जैसी स्थिति बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2015 और 2021 के बाद 11 वर्षों में यह तीसरी बार है जब मानसून की रफ्तार कई राज्यों में धीमी पड़ी है.**

अगले कुछ दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों, बिहार और पश्चिम बंगाल में भारी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान है.

पूर्वोत्तर भारत में लगातार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं. अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले में कुमे नदी में आई बाढ़ के बाद भारत-चीन सीमा के पास टापा बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात आईटीबीपी के 15 जवानों से संपर्क टूट गया. वहीं, क्रा दादी जिले में कुमेय नदी पर बना 84 मीटर लंबा पुल बह जाने से आठ गांवों का संपर्क बाकी राज्य से कट गया.

> राज्य में बाढ़ और भूस्खलन से सात लोगों की मौत, 29 लोगों के घायल होने तथा 26 जिलों के 425 गांवों के करीब 97 हजार लोगों के प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है. असम के टियोक क्षेत्र में पुथी नदी का तटबंध टूटने से कई गांव और कृषि भूमि जलमग्न हो गई हैं. कई स्थानों पर सड़कें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं. मौसम विभाग के अनुसार हवा में बढ़ी नमी के कारण कई शहरों में हीट इंडेक्स तेजी से बढ़ा है. भुवनेश्वर में 36 डिग्री सेल्सियस तापमान और 63 प्रतिशत आर्द्रता के बीच हीट इंडेक्स 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया.